भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2164
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

रामायण सर्किट

†2164. डॉ. आलोक कुमार सुमनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का निकट भविष्य में रामायण सर्किट में और अधिक पर्यटन स्थलों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो बिहार राज्य के संबंध में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस पहल में बिहार के किन-किन स्थानों को शामिल किया जाना अपेक्षित है;

(घ) क्या कुछ विदेशी गंतव्य स्थल भी इस पहल का हिस्सा होंगे; और

(ङ) क्या गोपालगंज जिले के थावे पीठ मंदिर को रामायण सर्किट के अंतर्गत शामिल किया जाना संभव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार तथा आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक केन्द्रीय क्षेत्र की अपनी जारी योजनाओं के माध्यम से योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप और राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से उनको वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों में सहायता करता है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने रामायण परिपथ थीम में दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी जिनका विवरण नीचे दिया गया है: -

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र**	**थीम/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	उत्तर प्रदेश	रामायण परिपथ/ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
2.	उत्तर प्रदेश	रामायण परिपथ/ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21

स्वदेश दर्शन के तहत मंत्रालय ने बिहार में 4 परियोजनाओं को स्वीकृति दी जिनका विवरण नीचे दिया गया है:- **(राशि करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	**थीम/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	तीर्थंकर परिपथ/ 2016-17	वैशाली-आरा- मसाद- पटना- राजगीर- पावापुरी-चंपापुरी का विकास	33.96
2	आध्यात्मिक परिपथ /2016-17	कांवड़िया रूट का विकास	44.76
3	बौद्ध परिपथ / 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
4	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा-चंद्राहिया-तुरकौलिया का विकास	44.27

अपनी प्रशाद योजना के तहत मंत्रालय ने बिहार राज्य में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार 02 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं: - **(राशि करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	2015-16	पटना साहिब में विकास	41.54
2.	2014-15	विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	3.63

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को हाल ही में स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र के परामर्श से और योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत विकास के लिए देश में 57 गंतव्यों की पहचान की है, जिसमें बिहार में 'गया' और 'नालंदा' शामिल हैं। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) नामक एक उप-योजना के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं, जिसके तहत मंत्रालय ने बिहार में 'भागलपुर' और 'सारण जिला (सोनेपुर मेला)' सहित विकास के लिए 42 गंतव्यों के चिह्नित किया है। इस पहल के तहत विदेशी गंतव्यों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

****